डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक शुक्ल पक्ष 06 - 2083 | भोपाल,दिन रविवार 15 नवम्बर 2026



न्यूज गैलरी

एमडी ड्रग्स बेचने के आरोप में युवक और महिला गिरफ्तार

भोपाल। भोपाल के एमपी नगर जोन-1 स्थित गेट्टी ब्रिज की नीचे कार्डन ब्रांच ने कार्रवाई कर एमडी ड्रग्स बेचने के आरोप में अरवाज उर्फ इकरा (24) और करीना मखवानी उर्फ गीतू (34) को गिरफ्तार किया है। दोनों सप्लाई पर बैठकर ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से 324 ग्राम एमडी हुआ, दो मोबाइल और सप्लाई सहित कलीम का हजार 200 रुपये का माल जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8ए22 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मोबाइल फोन के जरिए ड्रग्स नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। अवाज के खिलाफ पहले से रारपीट, धमकी और आर्म्स एक्ट सहित चार मामले दर्ज हैं।

पाकिस्तानी गौरी और चांदनी क्रीम पर रोक, तय सीमा से ज्यादा मिले हेवी मेटल्स

भोपाल। शहर के बाजारों में बिक रही पाकिस्तानी गौरी स्किन क्रीम और चांदनी फाउंडेशन क्रीम को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया है। जांच में दोनों सामग्रों में निर्धारित सीमा से अधिक भारी धातु मिलने की बात सामने आई है। विभाग ने इनके इस्तेमाल और बिक्री पर रोक लगाते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

8 किलो से अधिक गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

भोपाल। गौतम नगर थाना पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 किलो 269 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसकी कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने अतल अब्बासू नगर कॉलोनी के पास से कैलाश कुशवाह (28) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 किलो 104 ग्राम गांजा बरामद किया। वहीं नरसिंहटोला स्थित गाता मंदिर के पास से पूजा सतीश (28) और सपना यंशवंत (28) को पकड़ा गया। दोनों के पास से 4 किलो 165 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज किए हैं। कैलाश के खिलाफ पहले से 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इससे गांजे की सप्लाई और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

15 साल की उम्र में वैभव सूर्यवंशी बने सबसे युवा टी-20 कप्तान

इंदौर। बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 15 साल 232 दिन की उम्र में पंजाब सुबाक्ष अर्ली ट्रॉफी से मुकाबले में बिहार टीम की कप्तानी संभाली। इसके साथ ही वे टी-20 क्रिकेट के सबसे युवा कप्तान बन गए। वैभव ने ओएनिया के जैक बुकानिर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 17 साल 311 दिन की उम्र में टी-20 टीम की कप्तानी की थी। इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में वैभव की इस उपलब्धि ने क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया।

आखिरी गेंद पर पाकिस्तान को हराकर भारत 9वीं बार बना अंडर-19 एशिया कप चैंपियन

अल अमीरात। अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को आखिरी गेंद पर हराकर नौवीं बार खिताब अपने नाम किया। 338 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 413 ओवर में 262 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद मोहित ने 26 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाकर आखिरी गेंद पर चौका लगाकर जीत दिलाई।

सम्मानित किया भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएगी सरकार सीएम डॉ. यादव

जनजातीय परिधान पहनकर मुख्यमंत्री ने बजाया पारंपरिक ढोल, तीर-कमान भेंटकर किया सम्मानित

जबलपुर से जनजातीय गौरव सप्ताह का शुभारंभ, जनजातीय नायकों के योगदान और संस्कृति से परिचित कराने सप्ताहभर होंगे आयोजन

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

महान क्रांतिकारी और जनजातीय गौरव दिवस पर जबलपुर में जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में जनजातीय गौरव सप्ताह का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में इसकी शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि उनके योगदान और आदर्शों को जितना सम्मान दिया जाए, वह कम है। उन्होंने कहा 25 दर्द की आयु में स्वदेश, स्वधर्म, स्वाभिमान और समाज की संस्कृति की रक्षा के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को अपनी पहचान, संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक एवं सगठित होने की प्रेरणा दी। उनका जीवन स्वाभिमान, साहस और सामाजिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान से बड़ा कोई धन नहीं और संस्कृति से बड़ा कोई गहना नहीं। राज्य सरकार जनजातीय नायकों के योगदान और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।



पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए मुख्यमंत्री

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय परिधान पहन एवं सहभागी हुए। उन्होंने पारंपरिक ढोल बजाकर जनजातीय संस्कृति, परंपरा और लोकनृत्यों के प्रति सम्मान एवं लुप्तप्राय को दर्शाया। इस अवसर पर उन्हें साका कमान तीर-कमान भेंट किया गया और सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने जनजातीय समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग, शिक्षा और खेलकूदों को भी सम्मानित किया गया।

जबलपुर को 133 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जबलपुर में 133 करोड़ रुपये की लागत से आयुष्मान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण सुविधाओं की सौगात देने की घोषणा की। उन्होंने शाहपुरा कि शिक्षाकक्ष, डिजीटी और बालाघाट में सामीकृति निर्माणाम भी करए आएंगे। सरकार का उद्देश्य जनजातीय समाज को जनजातीय समाज को उनके और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सरकार इस गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सप्ताहभर होंगे विभिन्न आयोजन

जनजातीय गौरव सप्ताह के दौरान भोपाल के जनजातीय संग्रहालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य नई पीढ़ी को जनजातीय नायकों के संघर्ष, बलिदान, संस्कृति और ऐतिहासिक योगदान से परिचित कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास केवल जानकारी नहीं है, बल्कि यह हमें साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है।

समाजसेवियों और प्रतिभाओं का सम्मान

कार्यक्रम में जनजातीय समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली को सम्मानित किया गया। जल संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए बलिराम बाई और हरदेवल आर्ट एजुकेशन में उत्कृष्ट के लिए पुलेश्वर कुमरे को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश

शराब पीने के बाद युवक की मौत, दूसरा बेहोश, दुकान सील



डीआर संवाददाता ▸▸ सागर

सागर जिले के नहरपाई में शनिवार शाम सरकार पीने के बाद एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा बेहोश हो गया। दोनों ने लखसेरी शराब दुकान परिसर में बैठकर शराब पी थी। मृतक की पहचान विष्णु खटीक (35) और अस्पताल में भर्ती युवक की पहचान कलसेरा सोनी (22) के रूप में हुई है। विष्णु के मुंह से झाग निकल रहा था। घटना के बाद पुलिस ने शराब दुकान सील कर दी है। आबकारी विभाग ने शासन के सेपल जांच के लिए भेजे हैं। जहरीली या अमानक शराब की आशंका के चलते पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

दुकान परिसर में बिगड़ी दोनों की तबीयत

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6:30 बजे विष्णु दुकान परिसर में गंभीर हालत में मिला। पास में कलसेरा भी बेहोश पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों को असपताल ले जाया गया, जहां विष्णु को मृत घोषित कर दिया गया। कलसेरा का इलाज जारी है।

विष्णु के भाई पप्पू खटीक ने बताया कि परिवार के लोग बाजार में थे। परिवेत से सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दुकान सील कर दी गई थी। आबकारी विभाग ने शासन के सेपल जांच के लिए भेजे हैं। जहरीली या अमानक शराब की आशंका के चलते पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

असपताल में उसकी मौत की जानकारी मिली। विष्णु अविवाहित था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शराब के नमूनों की जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

भोपाल के वैशाली नगर के पानी में मिला ई-कोलाई बैक्टीरिया

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

भोपाल के वैशाली नगर में नल के पानी की जांच में खतरनाक ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला है। इसी बैक्टीरिया को इंदौर के भागीरथपुरा में हुई 36 लोगों की मौत के मामले से जोड़ा गया है। सहकारी विवेक राव ने पानी की जांच पीसीबी की स्टेट रिजनल लेबोरेटरी में कराई थी। 28 अक्टूबर की रिपोर्ट में 100 मिली पानी में ई कोलाई की मात्रा 880 एमपीएन मिली, जबकि 53 नवंबर की रिपोर्ट में यह 350 एमपीएन दर्ज हुई। पानी का टर्बिडिटी स्तर भी निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया।

रिपोर्ट सामने आने के बाद कॉलोनी के करीब 200 परिवारों ने पहले का पानी पीना छोड़ दिया है। बोतलबंद पानी लेना शुरू कर दिया है। स्थानीयों को आशंका है कि पेयजल लाइन के पास से गुजर रही सीवेज लाइन में लीकेज के कारण गंदा पानी मिल रहा है। रिटायर्ड हिन्दी एसोसिएटी एमके त्रिवेदी ने रिपोर्ट को गंभीर बताया। नगर निगम योजना सेपलिंग का डाटा कहता है, इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में दूषित पानी की शिकायतें सामने आ रही हैं।

पांच ताले तोड़कर घर में घुसे बदमाश

ठेकेदार के सूने मकान से 30 लाख से अधिक के जेवर चोरी, 6 गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

भोपाल के कोलेपिया डाना ढेंच स्थित इंदिरिहार कॉलोनी में ठेकेदार के घर से सलाख काटकर दरवाजा खोलकर लाखों रुपये के पुश्तैनी जेवर और नकदी चुरा ले गए। घटना के समय ठेकेदार अखिलेश सिंह पुनवर (42) परिवार के साथ दीपावली मनाने अपने गांव गोहर खरीआ, सिंगरा गिए हुए थे। 12 नवंबर की सुबह घर लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। मुख्य गेट का ताला टूटा पाया और अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था।

पांच ताले तोड़कर घर में घुसे बदमाश

सीसीटीवी में कैद वारदात



पुलिस के अनुसार, चोरकारों ने मुख्य गेट से लेकर लगभग और अलमारी तक के सभी ताले तोड़े। फरियादी के मुताबिक, घर से करीब 28 लाख रुपये के सोने की पुरानी चेन, सोने की तीन मालाएं और करीब 5 हजार रुपये नकद चोरी हुए हैं। कुल चोरी की कीमत 30 लाख रुपये से अधिक बताई गई है।

सीसीटीवी में कैद

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में तीन बदमाश कॉलोनी में घूमते और मकान में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

झोपड़ी में आग लगने से पैरालिसिस पीड़ित बुजुर्ग की मौत

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

देवास जिले के सतवास स्थित पुरानी थाना रोड पर शनिवार देर रात झोपड़ी में आग लगने से 68 वर्षीय लोटनराम खंडे की मौत हो गई। वे पैरालिसिस से पीड़ित थे और अकेले झोपड़ी में अकेले रहते थे। आग बुझने के बाद झोपड़ी में मृत अवस्था में मिले। घटना की सूचना मिलते ही सतवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला असपताल देवास भेज दिया गया।

शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

शासकीय तोषाई असोपेल कार्ड के मुताबिक, शॉर्टसेक्ट का बेला रोशनाई से एक असाती के बढ़ा कारण लगता है। पीड़ित ने बुलोपेल क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कच्ची झोपड़ी बना रखी थी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मर्ग कायम किया है। पैरालिसिस आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

2018 के संवर्ग प्रदेश में बढ़ने लगी ठंड, 19 शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में सुबह और रात के समय ठंड का असर बढ़ने लगा है, जबकि दोपहर में धूप के कारण गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी से सतर्क प्रदेश में ठंडी हवाएं चल रही हैं। बीती रात 19 शहरों का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। जबलपुर में सबसे कम 10.7 डिग्री और इंदौर में 11.2 डिग्री तापमान रहा। पचमढ़ी में पारा 11.8 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि भोपाल और ग्वालियर में न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने 15 नवंबर के बाद ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। वहीं, बरसात की खाड़ी ने बने चक्रवातीय सिस्टम के प्रभाव से 20 नवंबर के बाद प्रदेश में बारिश का एक और दौर आने की संभावना है।

अरगोन में सुबह-शाम ठंड, दोपहर में गर्मी



खरगोन में रविवार को न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री दर्ज किया गया। रोजाने एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री के बीच बना हुआ है। डिग्री में सबी कस्टर्स डी योजनी का लगभग 3.32 लाख हेक्टेयर रखा गया है। 04 तक करीब 60 प्रतिशत योजनी पूरी हो चुकी है। यानी की योजनी 95 प्रतिशत पूरी हो गई है, जबकि गेहूं की बोवनी की स्थानर दीपी है। किसान ठंड बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।

पूजा में रोक लगाने के आरोप पर आदिवासी समाज का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

डीआर संवाददाता ▸▸ खातिवर

खातिवर के घाटीगांव जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बाई सिंगरा ग्रेम नगर आदिवासी बस्ती के लोगों ने पूजा-अर्चना में बाधा डालने के आरोप में एसपी लावपेक्स के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कुछ स्थानीय लोग उन्हें पर्व पुराने मंहती पूजा मंहरी और मनवाल बिरसा मुंडा के मंदिर में पूजा करने से रोक रहे हैं। समाज ने ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ितों से पूजा करने की जांच



संयुक्तआदिवासी समाज के नागरिक महेंद्र आदिवासी ने पुलिसपती को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बस्ती में स्थित पारंपरिक मंहतरे पर उनके पूर्वज पीढ़ियों से पूजा करते आ रहे हैं। बिरसा मुंडा का मंदिर भी समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। आरोप है कि कुछ लोग पूजा करने से रोकने के साथ समाज के लोगों को परेशान और धमकाने पर उतारू हैं। इससे उनकी धार्मिक भावना और सांस्कृतिक पहचान प्रभावित हो रही है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेदों और पेसा अधिनियम के प्रावधानों का हवाला देते हुए पूजा स्थल का अभिलेखीय सत्यापन कराने की मांग की गई है। सीएसपी दिव्यांशु सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर घाटीगांव थाना प्रभारी को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच में सामने आए तथ्यों के अनुसार विधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेनों में भारी भीड़ छठपर घर जाने निकले यात्रियों का सफर बना मुसीबत, कई ट्रेनें 13 घंटे तक लेट

रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल छह घंटे देरी से पहुंची, 20 से 30 फीसदी अधिक किराया देने के बाद भी नहीं मिली राहत

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

छठ महापर्व पर परिवार के साथ घर पहुंचने की उम्मीद लेकर निकले हजारों यात्रियों को रेलवे की लेटलतीफी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेनें भी समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रही हैं। भोपाल रेल मंडल से गुजरने वाली कई स्पेशल और नियमित ट्रेनें दो से करीब 13 घंटे तक देरी से चल रही हैं। इसके चलते छठ पर्व का बड़ा हिस्सा यात्रियों का ट्रेनों में सफर और स्टेशनों पर इंतजार करते हुए बीत रहा है।



यात्रियों का कहना है कि स्पेशल ट्रेनों में सामान्य से 20 से 30 फीसदी अधिक किराया देने के बाद भी समय पर पहुंचने की सुविधा नहीं मिल रही। 13 नवंबर को रानी कमलापति से दानापुर के लिए रवाना हुई रानी संख्या 01667 करीब छह घंटे की देरी से पहुंची। वहीं, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 01031 इटारसी करीब ढाई घंटे और प्रयागराज जंक्शन-छपरहे लगभग सात घंटे लेट हो गई।

आगे के स्टेशनों पर बढ़ती गई देरी

यशवंतपुर-दरंग नगरी अयोध्या स्पेशल ट्रेन 06597 भोपाल करीब दोने सात घंटे की देरी से पहुंची। ग्वालियर तक इसकी देरी चार घंटे से अधिक हो गई। इसी तरह 10 नवंबर को रवाना हुई लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर स्पेशल ट्रेन 01029 इटारसी करीब दो घंटे लेट पहुंची, जबकि प्रयागराज तक इसकी देरी करीब नौ घंटे हो गई।

12 नवंबर को दानापुर से रवाना हुई ट्रेन 01030 शुरुआत से ही सात घंटे 15 मिनट लेट थी। इटारसी पहुंचने तक देरी करीब नौ घंटे और अंतिम स्टेशन तक लगभग पौने 13 घंटे हो गई।

बच्चों-बुजुर्गों के साथ सफर करना मुश्किल

लंबी दूरी की ट्रेनों के लगातार लेट होने से यात्रियों की यात्रा योजना बिगड़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों के साथ सफर कर रहे परिवारों को घंटों ट्रेन में बैठना पड़ रहा है। यात्रियों का आरोप है कि कई बार ट्रेनों की आउटर और जंगलों के बीच लंबे समय तक खड़ा रखा जाता है। इसके अलावा कनेक्टिंग ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को अगली ट्रेन छूटने का खतरा बना हुआ है।

आज 60 स्थानों पर छठ पूजा, डूबते सूर्य को देंगे अर्घ्य

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

भोपाल में छठ महापर्व के तीसरे दिन रविवार को भोजपुरी और पूर्वांचल समाज के श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा करेंगे। शनिवार को खरना व्रत के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ। व्रतधारियों ने दिनभर उपवास रखकर शाम को खीर, रोटी और अन्य सात्विक पकवानों का प्रसाद ग्रहण किया।

शीतलदास की बगिया में होगा मुख्य आयोजन

अमन पार्क के पास शीतलदास की बगिया में भोजपुरी समाज द्वारा दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। यहां सूर्य को अर्घ्य देने के साथ गीत, विहार और 2100 दीपों का दीपदान आकर्षण का केंद्र रहेगा। शहर में करीब 60 जगहों पर सामूहिक पूजा होगी।

सरस्वती मंदिर घाट पर पांच कुंड तैयार

बरखेड़ा स्थित सरस्वती देवी मंदिर छठ घाट पर बिहार सांस्कृतिक परिषद ने पांचों कुंडों में नर्मदा जल भरवाया है। श्रद्धालुओं के लिए स्नान और कपड़े बदलने की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन में पटना की गायिका रीना सुमारी और स्थानीय कलाकार लोकगीत व छठ पूजा की प्रस्तुतियां देंगे। खटखटपुरा घाट पर भी भोजपुरी कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे।



डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक शुक्ल पक्ष,06- 2082 सीहोर,दिन रविवार,दिनांक 15 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

खजूर के पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार

सीहोर। इंदौर–भोपाल हाईवे पर जतारोहा के पास एक सनसनीखेज हादसा हो गया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन से चालक का नियंत्रण छूट गया और कार सड़क किनारे लगे खजूर के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खजूर का पेड़ बीच से टूटकर कार से गुजर रहे बिजली के तारों पर जा लटका, जबकि भीमे सड़क पर कार पूरी तरह पलट गई। हादसे में कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि कार की गति तेज थी। कार जैसे ही जतारोहा पुलिया के पास पहुंची व अनियंत्रित हुई और पेड़ से जा टकराई। कार की टक्कर से खजूर का पेड़ आधा होकर बिजली के तारों पर झुक गया।

जनजातीय गौरव दिवस आज मनाया जाएगा

सीहोर। भगवान बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जिले में जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक रैली आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कालूराम के ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम, समृद्ध प्रतिभाओं के साथ सांस्कृतिक रैली से जनजातीय वेशभूषा, विद्वानों एवं लोक परंपराओं की झलक दिखाई जाए।

दूध उत्पादन में प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर

सीहोर। मध्यप्रदेश को देश का मिल्क कॉरिडोर बनाने की कार्ययोजनाओं पर तेजी से काम शुरू हो गया है। वर्तमान में वार्षिक उत्पादन 226 मिलियन टन के साथ प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता 700 ग्राम है जो राष्ट्रीय औसत 485 ग्राम प्रतिदिन प्रति व्यक्ति से ज्यादा है।

आज मैराथन दौड़ व वॉकथॉन

सीहोर। जिला चिकित्सा सेवा प्राधिकरण द्वारा पोलियो सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। आज सुबह 6.30 बजे जिला कोर्ट परिसर से मैराथन दौड़ एवं वॉकथॉन का आयोजन होगा। वहीं 19 नवंबर को शाम 5 बजे जिला कोर्ट परिसर से बाइक एवं साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस जिला कोर्ट पहुंचेगी।

न्यूमेह की पहचान व उपचार संभव

सीहोर। न्यूमेह एक ऐसी बीमारी है जिसके लक्षण सामान्य होते हैं पर वह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर कर देता है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि न्यूमेह के उपचार के लिए अत्याधुनिक आयरनी पोन नियंत्रक उपकरण के अंतर्गत मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। बार-बार पेशाब आना, दर्द या घटना या भूख कम लगना।

जायजा लिया

खाइखेड़ा में लापता परिवार डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने गांव पहुंचकर सर्चिंग अभियान का लिया जायजा

सीहोर जिले के अलावा भोपाल और विदिशा में भी पुलिस की टीमें संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रही हैं

डीआर संवाददाता»सीहोर

अहलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खाइखेड़ा से लापता परिवार के तीन सदस्यों का 12 दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। परिवार की तलाश में पुलिस ने सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है। सीहोर जिले के अलावा भोपाल और विदिशा में भी पुलिस की टीमें संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक राजेश सिंह चंदेल शुक्रवार को खाइखेड़ा पहुंचे और अब तक की जांच एवं तलाश अभियान की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे भी मौजूद रहे।

चार टीमें अलग–अलग क्षेत्रों में कर रहीं तलाश

लापता परिवार का पता लगाने के लिए पुलिस ने चार अलग–अलग टीमें गठित की हैं। इन टीमों को विभिन्न क्षेत्रों में जिम्मेदारी सौंपकर संभावित ठिकानों पर तलाश के लिए लगाया गया है। पुलिस का प्रयास है कि परिवार के कोई जानें या किसी अन्य स्थान पर होने से संबंधित कोई जानकारी मिल सके। इसके लिए कई लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। हालांकि, अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।



नाले के किनारे मिली थी बाइक, टिफिन में रखी थी रोटियां

परिवार की तलाश के दौरान एक दिन पहले नया घटनाक्रम सामने आया था। लापता सुरेश की बजाज गांव के निवासी नोहर दासी के खेत के पास नाले के किनारे खड़ी मिली थी। बाइक से पास दो टिफिन भी मिले थे, जिनमें रखी रोटियां पर फफूंद लगी हुई थी। इसके अलावा मोबाइल और हेलमेट भी लोटा भी मिला था। इस बरामदगी के मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराया था। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सभी सैंपल एकत्र किए थे।

घर और घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य

मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम ने लापता परिवार के घर का भी निरीक्षण किया था। यहां मिले खून के निशान का सैंपल जांच के लिए लिया गया। इसके बाद बाइक मिलने वाले स्थान का बारीकी से निरीक्षण कर संभावित साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया गया। टिफिन में रखी रोटियों पर फफूंद मिलने से उनके जूठे समय से पहले पड़े होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

सीसीटीवी और कॉल डिटेल से जुटा रहे जानकारी

पुलिस अब मैदानी सर्चिंग के साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी जांच कर रही है। क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके साथ ही कॉल डिटेल रिकॉर्ड के माध्यम से लापता परिवार की गतिविधियों और संपर्कों से जुड़ी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। परिजनों ने कुछ लोगों पर संदेह भी जताया था। वहीं संदेह के दावरे में आए डालचंद पर पुलिस को आवेदन देकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया था। जांच प्रभारी बीएल जाणी के अनुसार पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है और परिवार की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

सड़क हादसे में श्यामपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामनारायण शर्मा की मौत

डीआर संवाददाता» श्यामपुर



श्यामपुर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष रामनारायण शर्मा की एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। श्री शर्मा जी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए बड़वाहा के पास जाते समय हादसा हुआ।हादसे की खबर श्री शर्मा का अंतिम संस्कार सोमवार शाम में किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के दुखद निधन पर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व सांसद अरविंद पोहान, दोराहा ब्लॉक अध्यक्ष कलीम पठान, अहमदपुर ब्लॉक अध्यक्ष पवन गुर्जर, ओमसिंह सिंह बना आछारोही, पूर्व सरपंच हिरवेंद्र सिंह दांगी ने श्रद्धांजली दी।

कोलार नहर में रबि फसलों के लिए पानी छोड़ा

भैरूंदा। रबी सीजन में सिंचाई के लिए कोलार परियोजना की नहरों में पानी छोड़ दिया गया है। नहरों की सफाई व मरम्मत किए जाने की मांग किसान लंबे समय से कर रहे थे। किसानों का कहना है कि नहरों की सफाई और मरम्मत किए बगैर पानी छोड़ दिया गया। नहरों में पानी छोड़े जाने के बाद भी टेल क्षेत्र, पानी अंतिम छोर के किसानों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा।

जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान के लिए अधिकारियों–कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

डीआर संवाददाता»सीहोर



मिशन वात्सल्य के तहत जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान और उनके संरक्षण के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय कन्वर्जेंसीट्रेनिंग प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने उद्घाटन कँवर भोपाल के राजीव से इसका आयोजन किया।

कार्यशाला में नगर पालिका अधिकारी डॉ. अभिनंदन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी तितु शर्मा और जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ज्योत्स्ना अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों की संवेदनशील परिस्थितियों की पहचान, रेफरल प्रक्रिया और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में पुलिस, शिक्षा, बाल कल्याण समिति और सहायता इकाई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। संचालन सुरेश पाराशर ने किया।

नेहरू जयंती पर कांग्रेस ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, राष्ट्र निर्माण में योगदान को किया याद

डीआर संवाददाता»सीहोर



देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को सीहोर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भू.प्र.का. स्टेडियम स्थित नेहरू मार्ग में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों, सेवा दल कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने किया। जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री विवेक राठौर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि पंडित नेहरू ने स्वतंत्र भारत को लोकतांत्रिक और आधुनिक राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति गहरे स्नेह के कारण उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। उनके विचार आज भी सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर विष्णु प्रसाद राठौर, प्रेमलता चौहान गौरीशंकर, नीलाराम भारती, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, जी. क्रिस्टल खान, राजेश यादव, राम प्रकाश चौकसे, शांती खरसाले, नंदकिशोर मालवीय, कमलेश खण्डक, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति गहरे स्नेह के कारण उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। उनके विचार आज भी सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर विष्णु प्रसाद राठौर, प्रेमलता चौहान गौरीशंकर, नीलाराम भारती, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, जी. क्रिस्टल खान, राजेश यादव, राम प्रकाश चौकसे, शांती खरसाले, नंदकिशोर मालवीय, कमलेश खण्डक, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पचोर मंडी में सोयाबीन 7,320 और धनिया 14,100 रुपए

डीआर संवाददाता»सीहोर



कृषि उपज मंडी समिति पचोर में शनिवार, 14 नवंबर को खुले 6,043 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। मंडी द्वारा जारी भाव पत्रक के अनुसार 701 अनुबंध पत्रकों के माध्यम से किसानों ने अपनी उपज बेची। सबसे अधिक 4,342 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई, जिसका अधिकतम भाव 7,320 और मॉडल भाव 7,200 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

गेहूं की 1,482 क्विंटल आवक के साथ अधिकतम भाव 2,990 रुपए रहा। वहीं मक्का 6,600, चना करीब 7,350, सरसों 4,360, उड़द 7,715 और धनिया 14,100 रुपए प्रति क्विंटल के अधिकतम भाव पर बिका।

मंडी में रविवार 16 नवंबर को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। इस कारण नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अवकाश के दिन उपज लेकर नहीं आएं। उपज बेचने के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और वाहन नंबर साथ लाएं तथा साफ-सुथराकर फसल मंडी पहुंचाएं।

वार्ड 6 को मिली विकास कार्यों की सौगात, 10 लाख की सीसी रोड का हुआ भूमि पूजन

डीआर संवाददाता»सीहोर



शहर के वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर नगर पालिका परिषद अब एक कदम आगे पर भी लगातार ये रही है, जहां लंबे समय से सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 6 में 10 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष शैरा राठौर ने किया।

प्रस्तावित निर्माण के तहत लालमन डी दुकान से जैन मंदिर तक सड़क बनाई जाएगी। यही जैन मंदिर से आकाश के घर तक और वार्ड की विभिन्न आंतरिक गलियों में भी सीसी रोड का निर्माण होगा। इस कार्य से क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था बेहतर होगी और रहवासियों को सुविधा एवं सुरक्षा सड़कों की मरम्मत मिलेगी।

भूमि पूजन अवसर पर नगराध्यक्ष शैरा राठौर ने कहा कि किसी भी शहर की वास्तविक तस्वीर उसकी कॉलोनियों और वार्डों की सड़कों से दिखाई देती है। हमारा प्रयास है कि विकास का लाभ केवल मुख्य मार्गों तक सीमित न रहे, बल्कि मोहल्लों की छोटी-छोटी गलियों तक भी पहुंचे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि वार्डों में विकास कार्यों को लेकर पारदर्शिता बरती जाएगी एवं गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।

निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय करने वाले विक्रेता का लाइसेंस निरस्त

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में उर्वरक पोहरा में अनियमितताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास के एवं सहायक कृषि अधिकारी गोलर्ड जैन कृषि सेवा केंद्र का उर्वरक विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। जांच में पाया गया कि विक्रेता द्वारा डीएपी उर्वरक निर्धारित दर 1,350 रुपये प्रति बोरी के स्थान पर 1,450 रुपये प्रति बोरी की दर से बेचा जा रहा था। किसानों को नियमानुसार नगद अथवा उधार भुगतान (फोन-पे) उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था, इसके चलते कई अनियमितताएं भी पाई गई।

इन अनियमितताओं के संबंध में जिलेवार छह 8 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन निर्धारित समय तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। एवं सहायक विस्तार कार्यालय तथा कृषि विकास अधिकारी उपाध्याय ने उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 31 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए गोलर्ड जैन कृषि सेवा केंद्र का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। साथ ही संबंधित विक्रेता को निर्देशित किया गया है कि उर्वरक विक्रय संबंधी शेष स्टॉक का 30 दिवस के भीतर निपणानुसार निराकरण कराएं। ऐसा नहीं करने पर शेष स्टॉक को राजसात अधिकारी के समक्ष से जब्त कर लिया जाएगा।

संकल्प कुबेरेश्वरधाम पहुंचे योगानंदेश्वर सरस्वती मठके पीठाधीश्वर शंकर भारती महास्वामी

अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा से की भेंट, सनातन संस्कृति के संरक्षण और एकात्मवाद के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

डीआर संवाददाता»सीहोर



सनातन धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को पुनः सामने लाने और उनसे जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के अध्ययन एवं दस्तावेजीकरण के उद्देश्य से भारत यात्रा पर निकले कर्नाटक स्थित यडतरे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर श्री श्री शंकर भारती महास्वामी शनिवार को जिला मुख्यालय से सांसद्स प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पहुंचे।

यहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौजन्य भेंट कर आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि महास्वामी की इस भारत यात्रा का उद्देश्य उन धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों की पहचान, अध्ययन और दस्तावेजीकरण करना है, जहां परंपराओं के अनुसार आदि शंकराचार्य के चरण पड़े थे। इसी यात्रा के क्रम में कुबेरेश्वरधाम आगमन पर उनका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

इस दौरान शंकर भारती महास्वामी अपने शिष्य मंडल के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान भगवान शिव–पार्वती, भगवान श्रीराम–सीता एवं भगवान श्रीकृष्ण–राधा के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। इसके बाद ही उन्होंने धाम की गौशाला, बाग की शिला और श्रद्धालुओं के लिए संचालित निशुल्क भोजन प्रसादी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने देश और प्रदेश की सुख–समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की थी। आध्यात्मिक संवाद के दौरान महास्वामी ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, भारतीय जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना और समाज में आपसी सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत, 19 वर्षीय युवक और 12 साल

डीआर संवाददाता»सीहोर



पुलिस चौकी पड़ाना क्षेत्र के ग्राम नाथाखेड़ा खेड़ा के समीप शनिवार को दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में 40 वर्षीय बहादुर सिंह नायक की मौत हो गई, जबकि 19 वर्षीय युवक और 12 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से तीनों को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बहादुर सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम नारायणखेड़ा खेड़ा निवासी बहादुर सिंह नायक (40) पिता नानसिंह शनिवार को अपनी बाइक से इलाज कराने आसरोदा पंवार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक सवार पूजेश मालवीय (19) पिता राधेश्याम मालवीय की बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। पूजेश के साथ बाइक पर 12 वर्षीय बालिका भी सवार थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

डिजीटल अखबार

डीआर सीहोर



03

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक शुक्ल पक्ष 06 - 2083 सीहोर, दिन शनिवार,दिनांक 15 नवम्बर

न्यूज गैलरी

बीएसआई मैदान पर सैकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी लीग

सीहोर। शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में गुरुवार से सैकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहले मैच में गहलोत वरियर्स की टीम पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट और दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने केकेआर खेरी 7 विकेट से हराया। पहले मैच में गहलोत वरियर्स की ओर से हेमंत केसरिया ने 37 गेंद पर 41 रन और गैदाकौरी में अबुबाकर-अमित ने 3-3 विकेट हासिल किए थे।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर हिटर की टीम 82 रन पर सिमट गई। इसमें अंकित गुप्ता ने 10 रन, गयास सिद्दिकी ने 17 रन बनाए थे। इंदर गहलोत वरियर्स की ओर से गैदबाजी करते हुए अबुबाकर-अमित ने 3-3 विकेट, आर्यन, हेमंत पोरसिया, अंकित शर्मा ने 1-1 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गहलोत वरियर्स ने 6 विकेट खोकर जीत हासिल की।

नेहरू जयंती पर संस्कार एकेडमी में खेल-गतिविधियों संग बाल दिवस

सेहरी। संस्कार एकेडमी ऑफ एजुकेशन में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। शिक्षासत्र में बच्चों के लिए कई गतिरंजक खेल और गतिविधियां कराई गई। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। खेलों का आनंद लिया। इससे रंग-बिरंगे, आकर्षक परिधानों में स्कूल पहुंचे। स्कूल का माहौल खुशियों से भर गया। कार्यक्रम में संस्था लीलाधिकारी मुस्कुरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। छात्राओं ने अलग अलग

पीएमश्री कन्या स्कूल में बाल मेला, व्यंजन और खेलों के स्टॉल लगे

जावर। पीएमश्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को बाल मेले का आयोजन हुआ। छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। छात्राओं ने आलग-अलग व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मनोरंजक खेलों के स्टॉल भी लगे।

बच्चों को पेन कापी भेंट किए

श्यामपुर। क्षेत्र के रामलावेकी की गवर्नमेंटिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा जीवीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्रम सिंह दानी भोतावेकी ने शासकीय माध्यमिक शाला रामलावेकी में बालक बालिकाओं को कापी पेन वितरण किए सभी बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया गया और शाला में बाल मेला का भी आयोजन किया गया उस समय शाला प्रभारी अनिता दुबे शिक्षक प्रदीप तामत्र, सुश्री मामता श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिसोदिया, गोपिलाल , भगवानसिंह, प्रकाश, बसतज, गौरव, रोहनी, देवेन्द्र, राम आदि बड़ी संख्या में शामिल एवं बच्चे उपस्थित थे।



कार्रवाई आधी रात नर्मदा की रेत खदान पर प्रशासन की दबिश, उत्खनन करते दो जेसीबी जब्त

एसडीएम सुधीर कुशवाह के नेतृत्व में राजस्व अमले ने चौरसाखेड़ी में की कार्रवाई, अधिकारियों के पहुंचने से पहले कई मशीनें लेकर भागे

डीआरसंवाददाता>>सैकंदा

नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच प्रशासन ने शुक्रवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम सुधीर कुशवाह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम चौरसाखेड़ी स्थित रेत खदान पर अचानक दबिश दी। यहां नदी से रेत निकालने के काम में लगी दो जेसीबी मशीनें मौके पर मिलीं, जिन्हें अधिकारियों के पहुंचने से ठीक पहले जब्त कर लिया। जबकि मशीनों को लाने वाले वैधानिक कार्रवाई के लिए गोपालपुर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। अभी रात को हुई इस कार्रवाई से रेत उत्खनन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार मैकदा तहसील क्षेत्र से नर्मदा नदी के अलग-अलग घाटों पर गहरीनों के माध्यम से रेत निकालने और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित अन्य वाहनों से परिवहन किए जाने की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। विशेष रूप से चौरसाखेड़ी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रेत उत्खनन की सूचनाएं प्रशासन तक पहुंच रही थीं। इसके बाद शुक्रवार देर रात राजस्व विभाग में सीधे पर पहुंचकर जांच और कार्रवाई की योजना बनाई।

अधिकारियों के पहुंचते ही नदी अफरा-तफरी

एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सोनम शर्मा और नायब तहसीलदार रामप्रसाद गोस्वे सहित राजस्व विभाग का अमला जब खदान क्षेत्र में पहुंचा तो वहां दो जेसीबी मशीनें रेत का उत्खनन करती मिलीं। टीम ने बिना देरी किए दोनों मशीनों को पकड़ लिया। आशंका जता रहा है कि प्रशासनिक अमले के पहुंचने की भनक लगते ही आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय कुछ लोग अपनी जेसीबी और पानीकुली मशीनें लेकर मौके से भाग गए। अधिकारियों की अचानक हुई कार्रवाई के कारण वहां मौजूद लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला।

अन्य घाटों पर भी कार्रवाई की मांग

चौरसाखेड़ी में हुई कार्रवाई के बाद अब तहसील क्षेत्र के दूसरे घाटों पर भी अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्ती की मांग उठ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नर्मदा नदी के डीनवार, अंबा और उदवाना क्षेत्रों में भी पनडुब्बी, जेसीबी और ओकलेन मशीनों के माध्यम से रेत निकाले जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार गहरीनों से रेत निकालने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों से लगातार परिवहन किया जाता है।

लोगों का कहना है कि केवल एक स्थान पर कार्रवाई करने से अवैध उत्खनन की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसके लिए नर्मदा नदी के सभी संवेदनशील घाटों पर नियमित निगरानी जरूरी है। राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम बनाकर अलग-अलग स्थानों पर जांच की जानी चाहिए, तभी अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो सके।

आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर राजस्व अमले ने शुक्रवार देर रात चौरसाखेड़ी में दबिश देकर उत्खनन में लगी दो जेसीबी मशीनें जब्त की हैं। गहरीनों को पुलिस के सुपुर्द कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

मृतकों के परिजनों को 25 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग



डीआरसंवाददाता>>सीहोर

खेतों में झूलते 11 केवी और एलटी बिजली तारों से करंट लगने के कारण किसानों की मौत और वारिसों के साथ होने के मामलों में मध्यप्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत मंडल के महाप्रबंधक (कार्य) गर्ग और प्रशासनिक अधिकारियों से जवाब तलब किया है। लगातार समाचार पत्रों, न्यूज ऐप और सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबरों के बाद आयोग ने तूल पकड़ा है।

किसान एवं समाजसेवी एमएस सेवतरा के नेतृत्व में करीब 25 गांवों के किसान पिछले चार माह से न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शिकायत में आरोप है कि खेतों में झूलते बिजली तार और जर्जर खंभों की शिकायतों के बावजूद विभाग ने समय पर सुधार कार्य नहीं कराए, जिससे जानलेवा हादसे हुए।

आंदोलनरत किसानों ने विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और संबंधित सहायक यंत्री की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। साथ ही मृत किसानों के परिजनों को 25 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई है। आयोग को पारित आर्थिक सहायता और उपचार उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है।

किसानों ने खिले के ग्रामीण क्षेत्रों में झूलते तार तत्काल बदलने और जर्जर खंभे बदलने की मांग की है। आयोग के संज्ञान के बाद अब पीड़ित परिवारों को दिवाली जवाबदेही तय होने और न्याय मिलने की उम्मीद है।

5 दिसंबर होगी राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता, दो दिवसीय ट्रायल शुरू

डीआर संवाददाता>>जनवा



क्षेत्र के खंडवा शासकीय कन्या माध्यमिक स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेले में छात्राओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। खेलों का आनंद लिया। इससे रंग-बिरंगे, आकर्षक परिधानों में स्कूल पहुंचे। स्कूल का माहौल खुशियों से भर गया। कार्यक्रम में संस्था लीलाधिकारिन मुस्कुरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। छात्राओं ने अलग अलग खेलों का शानदेव किया। विद्यालय के डायरेक्टर शिवनारायण सिंह पवारी ने कार्यक्रम में बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ समय बिताया। खेलों में भी भाग लिया। विद्यालय परिवार ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, सुरक्षित जीवन, सर्वांगीण विकास की कामना की।

लड़कों के स्टॉल लगाए। गतिरंजक खेलों के स्टॉल भी लगे। छात्राओं ने खूब रुचिपूर्ण भोजन तैयार किए। बिक्री की। इससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव मिला। खेलों के स्टॉल पर इनमें से खेलों का आनंद लिया। शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में बाल दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर इसे मनाया गया। संस्था की समस्त शाला अभिलेखों का संचालन कुशल कोर्डिनेटर लिल्ली ग्रामीणलोकेश प्रसाद पालवीय, सुश्री मनीषा दुबारी, विजय सोलंकी,अर्चना गुप्ता, सुनीति लोधिया शिक्षकगणों सहित उपस्थित रहा।

हाईकोर्ट के आदेश के पालन की मांग पर 84 वर्षीय पूर्व वन कर्मचारी आमरण

डीआर संवाददाता>>सीहोर



हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद उपार्जनकारी का लाभ नहीं मिलने और वर्षित राशि पेंशन में फटौती के विरोध में 84 वर्षीय पेंशनभोगी वन कर्मचारी मेला कीएल बैरागी ने शनिवार सुबह 11 बजे डाउन हॉल के पास आमरण अनशन शुरू कर दिया। उन्होंने उन विभाग पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना और कर्मचारियों के अधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अनशन के पहले दिन कई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

बैरागी मई 2004 में कनवास पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके अनुसार जबलपुर हाईकोर्ट के 18 जनवरी 2011 के आदेश के पालन में तत्कालीन उपार्जनकारिकारी ने 1 अगस्त 2011 को उन्हें 29 दिसंबर 1988 से कनवास पद पर पदोन्नति दी थी। इसके बाद 15 सितंबर 2011 को नया आदेश जारी कर वेतन निर्धारण बदल दिया गया, जिससे पेंशनी सरोमेत हुआ और पेंशन कम मिलने लगी।

बैरागी ने कलेक्टर, एसपी, सीएमओ और ग्राम सुराज गण सरकार उन्हें शिकायत देकर निराकरण की मांग की थी। शिकायत से राहत नहीं मिलने पर उन्होंने अनशन शुरू किया है। पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समर्थन दिया। बैरागी का कहना है कि मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

मुस्कान पब्लिक स्कूल में बाल मेला लगा



डीआरसंवाददाता>>दोराहा

दोराहा अहमदपुर मार्ग के महुआखेड़ा चौकी स्थित मुस्कान पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर बाल मेला लगाए गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने छात्राओं ने खुद स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। बिक्री की। इससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव मिला। खेलों के स्टॉल पर बच्चों ने खेलों का आनंद लिया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ समय बिताया। खेलों में भी भाग लिया। विद्यालय परिवार ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, सुरक्षित जीवन, सर्वांगीण विकास की कामना की।

गायत्री स्कूल में बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, बच्चों ने प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

डीआरसंवाददाता>>परगाल



ग्राम परगाल स्थित गायत्री विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अहमदपुर रोड स्थित गायत्री गार्डन में में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां हुई। विभिन्न खेले प्रतियोगिताओं प्रशाद पालवीय, सुश्री मनीषा दुबारी, विजय सोलंकी,अर्चना गुप्ता, सुनीति लोधिया शिक्षकगणों सहित उपस्थित रहा।

गौर ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ, बच्चे देश का भविष्य नहीं। वर्तमान की अमानत पूंजी भी हैं। हर बच्चे में अनंत संभावनाएं होती हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं। शिक्षकगण, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, मानवीय मूल्यों का विकास भी है।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डायरेक्टर डायरेक्टर डॉक्टर मुदस कुमार गौर ने किया, कार्यक्रम में प्रचार्य अन्जय तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

सांका सांका श्याम मंदिर में बाल दिवस पर बच्चों ने किया सभ्रमण,



डीआरसंवाददाता>>परगाल

बाल दिवस के अवसर पर परगाल के सरदार पटेल हायर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर कमलेश गौर द्वारा छे-मुखे बच्चों को सांका श्याम जी के मन्दिर पर ले जाया गया, जहां बच्चों ने दर्शन कर सभ्रमण किया। वहीं बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने खेल-कूदकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना रहा। बाल दिवस के आयोजन से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

अभिषेक ग्राम नींबूखेड़ा में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित तीर-कमान प्रतियोगिता में

भगवान बिरसा मुंडा का त्याग और बलिदान जनजातीय समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा राजस्व मंत्री

डीआर संवाददाता>>सीहोर



राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नींबूखेड़ा में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीर-कमान प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मंत्री श्री वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के त्याग, बलिदान और देश तथा समाज के लिए उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के अधिकारों, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण संदेश हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं, संस्कृति और विरासत को संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमें समाज की एकता, अधिकारों के प्रति सजगता और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित तीर-कमान प्रतियोगिता के माध्यम से जनजातीय समाज की पारंपरिक खेल संस्कृति और परंपराओं को प्रोत्साहित किया गया। राजस्व मंत्री ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में तहसीलदार गजेन्द्र लोधी, जनपद पंचायत सीहोर सदाशी पोरस, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मेवाड़ा, नींबूखेड़ा सरपंच अखिलेश कर्मा, लोहनखेड़ा सरपंच राजाराम लोलकी, सालीखेड़ा सरपंच रेमसिंह पंवारी, पंकज पमार, सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बाल दिवस पर ब्लू बर्ड स्कूल में लगा बाल मिला, बच्चों को विद्यालय ने उपहार दिए



डीआरसंवाददाता>>परगाल

बाल दिवस के अवसर पर परगाल स्थित ब्लू बर्ड एकेडमी स्कूल में बाल मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या प्रिया सक्सेना ने किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल संरक्षण और निशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी गई। ने छात्रिकाओं को सुरक्षा और महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रचार्य प्रिया सक्सेना सहित शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्टॉप द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विद्यालय द्वारा उपहार भी भेंट किए

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ कार्तिक शुक्ल पक्ष–06 –2083 विदिशा,दिन रविवार,दिनांक 15 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

जिले की 2. 71 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को नवंबर माह की राशि अंतरित

विदिशा। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना–2023 के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सिंगपुरी जिले के शिवोर में आयोजित कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से नवंबर माह की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की। इससे विदिशा जिले की कुल 2,71,144 पात्र लाडली बहनें लाभान्वित हुईं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार जिले में जनपद पंचायतों के अंतर्गत 2,16,620 तथा नगरीय निकायों के अंतर्गत 54,524 हितग्राही महिलाएं शामिल हैं। सभी पात्र हितग्राहियों के सहमति आदेश एवं डिजिटल भुगतान प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान आदेश बैंकों को प्रेषित किए जा चुके थे। कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए जिले में वेबकास्ट की समुचित व्यवस्था भी की गई।

शिविर में मिले अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में कराया भर्ती

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविकास अभियान के तहत सिरोंज तहसील की ग्राम पंचायत बहोदा ताल में आयोजित शिविर के दौरान दो अति कुपोषित बच्चे मिले। बच्चों की स्थिति की जानकारी मिलते ही मोबाइल अधिकारियों ने तत्काल दिखाते हुए 108 एंबुलेंस बुलाई और दोनों को सिरोंज हॉस्पिटल सिविल के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्चों को उपचार, पौष्टिक आहार और जरूरी देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि समय रहते बच्चों को कुपोषण से मुक्त कर स्वस्थ बनाना है।

पुण्यतिथि पर विदिशा में श्रद्धांजलि सभा आज

विदिशा। पूर्व राज्यसभा सदस्य और अभा कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव नारायण सक्सेना की पुण्यतिथि पर मातृ पितृ भक्ति दिवस के कार्यक्रम होंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव के अनुसार विदिशा इकाई रविवार सुबह 11 बजे कायस्थ भवन में सिंघाड़ों का भोजन कराएगी। महिला इकाई क्षेत्र की आजनाडियों में बिस्किट के पैकेट बांटेगी। शाम 6 बजे रामपुरा स्थित होटल पैराडाइस में श्रद्धांजलि सभा रखी गई है। इसमें संगठन और समाज परिवार से जुड़े लोग शामिल होंगे।

आज पुरातत्व संग्रहालय में छायाचित्र प्रदर्शनी लगेगी

विदिशा। दृष्टिबाधितों के उत्थानार्थ में हर साल 14 नवंबर को सोमवार के दिन संपदा की अंधता शरीरती के विषय अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। कलिंगर को जिला पुरातत्व संग्रहालय में छायाचित्र प्रदर्शनी लगेगी।

सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगाया जाम, पुलिस से झड़प के बाद पथराव

कलेक्टर को रोकने रुसल्ली घाट की पुलिया पर बैठे ग्रामीण, पुलिस ने लाठियां घुमाई तो लोगों ने बरसाए पत्थरय महिलाओं ने भी लगाए

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



जर्जर हो चुकी सड़क की मांग कर रहे रुसल्ली घाट टपरा के ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। जनविकास अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता को दोपहरबाड़ा आने की जानकारी मिलते ही रुसल्ली घाट पंचायत की अनुसूचित जाति बस्ती के लोग दोपहर करीब 12 बजे पुलिया पर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों की मांग थी कि जब तक कलेक्टर उनकी बस्ती तक पहुंचने वाली सड़क की समस्या नहीं सुनेंगे, तब तक वे रास्ते से नहीं हटेंगे।

सूचना मिलने पर एसडीओपी दीपनारायण अहिरवार, तहसीलदार दीक्षा तिवारी और थाना प्रभारी दोपहरबाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पहले समझाइश की कोशिश की गई, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच बहस बढ़ गई। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए लाठियां घुमाईं, जिसके बाद भीड़ पुल पर पथराव करने लगी। इस दौरान कई वाहनों के शीशे टूट गए। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस पर भी पत्थर फेंके। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को पीछे हटना पड़ा। करीब 10 मिनट तक घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बनी रही। एक पत्थर नायब तहसीलदार दीक्षा तिवारी अहिरवार को लगने की बात भी सामने आई, हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया। महिलाओं ने दिहाड़ा रोट के निशान अलग–अलग गई। कुछ बुजुर्गों ने पुलिया से नीचे उतरकर बचाने का प्रयास किया और वहां से पुलिस पर पत्थर फेंके। पथराव के दौरान पुलिस को पीछे हटना पड़ा। करीब 10 मिनट तक घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बनी रही। एक पत्थर नायब तहसीलदार दीक्षा तिवारी अहिरवार को लगने की बात भी सामने आई, हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया। महिलाओं ने दिहाड़ा रोट के निशान

घटना के बाद एसडीएम ओम नारायण बघेल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उनके सामने पुलिस की कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस की लाठी से कितनी बार आक्रोशवर और किसोरा बाई के हाथों में चोट आई है। ग्राम करीब पांच घंटे पहुंचने पहुंचने पर स्थान पाई और गत बार्ड ने भी अपने सूजे हुए हाथ दिखाते हुए पुलिस पर अंधे मारने और लाठ मारने के आरोप लगाए। उनका कहना था कि वे केवल कलेक्टर को अपनी समस्या बताने आई थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया।

हालात को देखते हुए एसडीएम बघेल ग्रामीणों के साथ सड़क पर बैठ गए और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को स्पष्ट विश्वास कि सड़क की मांग पर जर्जरवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

कलेक्टर ने मिर्च तर्रे के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता के रुसल्ली घाट पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें बस्ती तक पक्की सड़क नहीं होने की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान रास्ते पर पानी भर जाता है और अंधेरे में आवागमन में परेशानी होती है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की बात सुनकर अधिकारियों को तत्काल सर्वे कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक अमला देर शाम तक मौके पर मौजूद रहा।

एसडीएम ने बताया कि अनुसूचित जाति बस्ती से मुख्य मार्ग तक बनने वाली सड़क का अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। बस्ती के लिए एक सड़क पहले से स्वीकृत है, जबकि ग्रामीण दूसरी सड़क की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों की सुविधा के अनुसार नियमित प्रक्रिया शुरू करने की बोलना है।

पुलिस का दावा– किसी को चोट नहीं पहुंचाई

एसपी रोहित काहयानी ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों को रास्ते से हटाने के लिए समझाइश दी थी, लेकिन कुछ लोग नहीं माने और पथराव करने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर–बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस के अनुसार किसी को चोट नहीं पहुंचाई गई है। पथराव करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी रुकवा किशोर यादव ने भी पुलिस द्वारा किसी को नहीं मारने की बात कही है।

शेयर बाजार की गिरावट से विदिशा के एनपीएस खातों में लाखों रुपए की कमी

बाजार आधारित नई पेंशन व्यवस्था सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बनी चिंता का विषय

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

शेयर बाजार में उतार–चढ़ाव का असर अब सरकारी कर्मचारियों की पेंशन निधि पर भी दिखाई देने लगा है। विदिशा जिले के सैकड़ों शिक्षकों के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों में जमा राशि में गिरावट आने से कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। शिक्षकों का कहना है कि उनके और सरकार की ओर से जमा किए जाने वाले अंशदान के बावजूद खातों में राशि बढ़ने के बजाय कम हो रही है। इससे सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

एनपीएस व्यवस्था में कर्मचारियों के वेतन से निर्धारित राशि काटकर पेंशन खाते में जमा की जाती है। इसमें सरकार भी अपना निर्धारित अंशदान देती है। जमा राशि का निवेश शेयर बाजार सहित विभिन्न वित्तीय माध्यमों में किया जाता है। ऐसे में निवेश के प्रदर्शन के आधार पर खाते की कुल वैल्यू घट या बढ़ सकती है। हाल के दिनों में सेंसेक्स और निफ्टी में आई गिरावट के बाद एनपीएस खातधारकों के बीच चिंता बढ़ी है।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग

वर्ष 2004 में केंद्र सरकार ने नई पेंशन व्यवस्था लागू की थी। इसके विपरीत पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निर्धारित नियमों के अनुसार पेंशन मिलती थी। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि एनपीएस में पेंशन राशि बाजार आधारित निवेश पर निर्भर होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

एनपीएस से जुड़े कर्मचारी संगठनों ने सरकार से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को निश्चित आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। बाजार में उतार–चढ़ाव के दौरान पेंशन निधि प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए सरकार को इस व्यवस्था को समीक्षा कर कर्मचारियों के हित में निर्णय लेना चाहिए।

जिले की 2.71 लाख से अधिक लाड़ली बहनों की राशि अंतरित

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



संगम विहार कॉलोनी के प्रमोटर सुनील गुप्ता के साथ मारपीट और कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में महोई पैरव कल्याण समिति ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। शुक्रवार को समाज के जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में सदस्य एसपी कार्यालय पहुंचे और एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा।

समिति के सदस्यों के अनुसार, 5 नवंबर को कुछ लोग विनयहाड़ो कॉलोनी स्थित सुनील गुप्ता के कार्यालय में पहुंचे थे। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर कार्यालय में तोड़फोड़ की और करीब साढ़े तीन लाख रुपए लूट लिए। समाज के लोगों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में केवल मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है, जबकि लूट की घटना को शामिल नहीं किया गया।

पदाधिकारियों ने लूट के आरोपी की गिरफ्तार तथा लूट गए आरोपियों की गिरफ्तार तथा लूट गए रुपयों की बरामदगी करने और कुलीन एवं उनके परिवार को सुरक्षा देने की मांग की। साथ ही संबंधित रूप से ले जाए गए रुपए वापस दिलाने की भी मांग उठाई।

इस खबर में संवेदनशील घटना से जुड़ी अनावश्यक और विस्तृत जानकारी

डिप्टी रेंजर की 24 वर्षीय बेटी की मौत, सरकारी क्वार्टर में मिला

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

तिरिल लाइन थाना क्षेत्र के पुलगुपुरा स्थित ईको रेंटर के सरकारी आवास में शनिवार दोपहर वन विभाग के डिप्टी रेंजर सुनील बघेल की 24 वर्षीय बेटी प्रिया बघेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के समय पिता परिवार से आपत्तिजनक अधिकारिक बैठक में थे, जबकि मां घर में दूसरे काम में व्यस्त थीं।

सूचना मिलने पर एसडीओपी (पुलिस) अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी तिरिल लाइन सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रिया बघेल अपने कमरे में अकेली थी। काफी देर बाद भी जब उसकी कोई हलचल नहीं दिखी, तो परिवार के सदस्यों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर खिड़की से झांका गया। इस दौरान प्रिया को फंदे से लटका हुआ देखा गया। परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, प्रिया पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में रहने की बात कही जा रही है। हालांकि इसकी वजह के पीछे के वास्तविक कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई है। पुलिस परिजनों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

विदिशा में मुफ्त ब्लड शुगर की जांच आज

विदिशा। अनियंत्रित जीवनशैली के कारण देश में डायबिटीज के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। बीमारी लेकी से युवाओं को भी चपेट में ले रही है। विश्व डायबिटीज दिवस पर सुबेष हर्बल फार्मा विदिशा की ओर से रविवार को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच होगी। जांच शिवालय औषधि भंडार, कन्नौरा हल्दारी का बाड़ा, विदिशा में होगी।

परिवहन सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह ने जिला परिवहन कार्यालय का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं सुविधाओं पर लाभ सुलभता, पारदर्शिता और समय–सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग के सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह ने आज जिला परिवहन कार्यालय विदिशा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने जिला परिवहन कार्यालय में परिवहन विभाग के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जा रही विभिन्न सेवाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही वाहन चालकों के लिए संचालित ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए विभागीय सेवाओं की उपलब्धता तथा आमजन को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान उन्होंने विदिशा में प्रस्तावित ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के संचालन के लिए की जा रही तैयारियों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सेंटर के लिए चिन्हित की जा रही जमीनों एवं तैयारियों का अपरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

खुद को क्राइम ब्रांच का बताकर युवक को ले जाने का प्रयास, चोरों को पुख्ताढाबे के बाद छोड़ा

डीआर संवाददाता ✉ लटेरी।



सिरोंज चौराहे के पास शुक्रवार रात करीब 9 बजे चार लोगों द्वारा खुद को क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बताकर एक युवक को लबरस कार में बैठाने का प्रयास हो गया। युवक के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने चारों से पहचान पत्र मांगे, लेकिन वे आईडी नहीं दिखा सके। इसके बाद उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, चारों पहले नहर ढाबाढ़ और रमेश ढाबाढ़ के आसपास घूम रहे थे। दोनों के घर पहुंचे थे। दोनों के नहीं मिलने पर उन्होंने उनके छोटे भाई सिद्धेंद्र ढाबाढ़ को रास्ते चलने के लिए रोका। सिद्धेंद्र ने खुद को क्राइम ब्रांच का कर्मचारी बताया और उसे जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया गया। इस दौरान तीन लोग भाग निकले, जबकि हेमंत उर्फ रजक को लोगों ने पकड़ लिया। बाद में अन्य तीनों को भी पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि चार लोगों में प्रधान आरक्षक शेखर कुमार रजक और आरक्षक ओमप्रकाश कुशवाहा गुना कंट्रोल रूम में पदस्थ हैं। आरोप है कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए बिना लटेरी पहुंचे थे। पुलिस ने चारों का मेडिकल परीक्षण कराया। पूछताछ के बाद देर रात सभी को छोड़ दिया गया।

एसडीओपी अग्रवाल बोहरे के अनुसार, दोनों पक्षों की ओर से शिकायत आवेदन मिले हैं। मामले में पैसों के लेनदेन की बात भी सामने आई है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जोर

भाजपा एससी मोर्चा की जिला बैठक में योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार विशेष रूप से शामिल हुए। उनके विदिशा आगमन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली।

प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ की। इसके बाद उन्होंने अनुसूचित जाति छात्रावास पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों के लिए शासन की ओर से उपलब्ध सहायता का भी सुविधाओं की स्थिति भी जानी।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ मिलने, उनके क्रियान्वयन और पात्र लोगों तक योजनाओं की पहुंच के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा

इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक आयोजित हुई। संभागीय प्रभारी डॉ. जितेंद्र चौहान, जिला प्रभारी गोपाल जाटव और जिला अध्यक्ष सम्पत भैरव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को पार्टी संगठन से जोड़ने और मोर्चा की गतिविधियों को जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई।

कॉलोनाइजर से मारपीट और तोड़फोड़ के चार आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



संगम विहार कॉलोनी के कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता के साथ मारपीट और उनके कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों का संयुक्त निष्कासन उन्हें न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपियों में निखिल यादव, शेखर किशन, साहुल यादव और धन सिंह यादव शामिल हैं।

ठिकाई राजपाल सिंह जादौन के अनुसार, दोनों पक्ष एक ही कॉलोनी के निवासी हैं और पुरानी रंजिश के चलते विवाद चल रहा था। आरोपियों ने सुनील गुप्ता के कार्यालय में मारपीट और तोड़फोड़ की और बाद में रास्ते में रोककर उनके साथ मारपीट कर वीडियो बनाया। आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

पहले माफी मांगने पर रुकी थी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, 5 नवंबर को आरोपियों ने सुनील गुप्ता के कार्यालय में मारपीट और तोड़फोड़ की थी। बाद में आरोपियों के परिजनों ने माफी मांगी, जिसके चलते गुप्ता ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया था। हालांकि, दोबारा मारपीट की घटना के बाद उन्होंने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखतावी की मांग की थी। साढ़े तीन लाख रुपए ले जाने का आरोप

इधर, गंजोई वैरव कल्याण समिति ने आरोप लगाया है कि घटना के दौरान कार्यालय में रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपए भी आरोपी ले गए थे। समिति का कहना है कि पुलिस ने मारपीट और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया, लेकिन रुपए ले जाने के आरोप को गंभीरता से शामिल नहीं किया। समिति ने ज्ञापन सौंपकर लूट के आरोप की जांच और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार, मामले के सभी पहलुओं की जांच जारी है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

कार्तिक शुक्ल पक्ष-06 -2083

राजगढ,दिन रविवार,दिनांक 15 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

कल से सर्दी में अंगोला शर्ट व जर्सी पहनेंगे पुलिस जवान

राजगढ़। राजगढ़ सहित भोपाल देहात जोन की पुलिस 16 नवंबर से शीतकालीन वर्दी में नजर आएगी। पुलिस महानिरीक्षक रमित्तन सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इसके तहत जोन की सभी पुलिस इकाइयों के अधिकारी और कर्मचारियों को अंगोला शर्ट और जर्सी पहनने के निर्देश दिए गए हैं।

अवैध शराब पर कार्रवाई, 3052 बल्क लीटर जब्त

राजगढ़। आबकारी विभाग ने सर्चिंग चलाते हुए सख्त प्रकरण पंजी किए हैं। इस दौरान 3052 बल्क लीटर महिला जब्त की गई। विभाग की टीम ने बोड़पुरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, पैंसलावदा, सारंगपुर, खिलचीपुर, ब्यावरा क्षेत्र में संदेहास्पद स्थानों, होटल और ढाबों पर दबिश दी। सभी मामलों में कार्रवाई कर प्रकरण विवेचना में लिए गए हैं।

15 नवंबर तक दी जाएंगी फसल बीमा पर्चलिसियां

राजगढ़। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 के लिए बनीं पॉलिसी, मेरे हाथ अभियान शुरू किया गया है। 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक बीमित किसानों को ग्राम पंचायतों में फसल बीमा पॉलिसियां वितरित की जाएंगी।

पानी समझकर कीटनाशक पिया, बुजुर्ग की हालत बिगड़ी

ब्यावरा। तलावली गांव में घर पर काम कर रहे 56 वर्षीय बुजुर्ग के साथ लापरवाही में हादसा हो गया। घर में रखी कीटनाशक की बोतल को पानी समझकर उन्होंने पी लिया। कुछ देर बाद उल्टियां शिवाहने लगीं और उल्टियां होने लगीं। परिजन उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

चाइंदूज पर तिलक लगाकर दिया आध्यात्मिकता का संदेश

सारंगपुर। भाईदूज के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र में सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक सद्भाव की झलक दिखाई दी। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी गायत्रीदीदी दीदी ने मंत्री गौतम टेटवाल को तिलक लगाया और इंद्रधनुष सीगल भेंट की। इस दौरान दीदी ने कहा कि भाईदूज प्रेम, विश्वास और सम्मान के पर्व के रिश्ते का प्रतीक है। यह पर्व जीवन में पवित्रता, सद्भावना और निस्वार्थ भाव अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान और सकारात्मक चिंतन से ही परिवार व समाज में खुशी-शांति और आपसी प्रेम का वातावरण बनता

जनविश्वास शिविर में मंत्री टेटवाल और कलेक्टर ने सुनीं बिजली कटौती और विद्युत चोरी के प्रकरणों की शिकायतें पहुंचीं, ऊर्जा विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सारंगपुर में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, कलेक्टर डॉ. निवेदित कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंफिना गड़पाले ने नागरिकों को सम्बन्धित सुनी। शिविर में ग्राम आवेदनों और शिकायतों पर अधिकारियों से जानकारी लेकर उनके समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए।

शिविर में नगर की मूलभूत समस्याओं के साथ बिजली विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं। वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद गायत्री बी आर्मिक मंसूरी ने मंत्री और कलेक्टर के सामने अपने वार्ड की समस्याएं रखीं। वहीं कई नागरिकों ने बिद्युत कटौती और अन्य परेशानियों की शिकायत की। एक युवक ने आरोप लगाया कि उसके खिलाफ बिद्युत चोरी का झूठा प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा विभाग के अधिकारी को नोटिस के निर्देश

शिविर में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति की समीक्षा के दौरान ऊर्जा विभाग के संबंधित अधिकारी अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर बाबा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि जनविश्वास शिविर में सभी विभागों के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करें।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताई सफलता की कहानी

शिविर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। ग्राम भीलाखेड़ा ने बताया कि पहले वे मजदूरी करती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने दोना-पत्तल का व्यवसाय शुरू किया। अब वे अपनी राही से लाखपति दीदी बन गई हैं।

इसी तरह बाछा खालसेव स्वयं सहायता समूह की जयुना ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनकी मासिक आय करीब 12 हजार रुपए हो गई है। अब उन्हें मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। सेवा स्वयं सहायता समूह की सरिता गोस्वामी ने बताया कि वे वर्ष 2018 से समूह निर्माण का काम कर रही हैं। समूह के माध्यम से चार लाख रुपए का ऋण लेकर उन्होंने व्यवसाय का विस्तार किया है। उनकी तरह ही समूह जनपद पंचायत सारंगपुर में संकुल की अध्यक्षि सहित कई महिलाएं भी सफल हैं।

महिलाओं के अनुरोध सुनने के बाद मंत्री टेटवाल ने जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि छात्रावासों में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदी को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बाजार मिल सके।

हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित

शिविर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिवॉल्विंग फंड के चेक वितरित किए गए। संबल योजना, पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया गया। प्रधानमंत्री सामाजिक योजना के तहत हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत भी सात हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें प्रत्येक हितग्राही को एक-एक लाख रुपए की राशि स्वीकृत की।

जनविश्वास शिविर में बिजली विभाग की खुली पोल, भाजपा

शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर सख्त, अनुपस्थित अधिकारी को



डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

जनविश्वास शिविर में शुक्रवार को बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। भाजपा नेता निर्मल जैन ने बी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं होने से लोगों को बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिविर में ऊर्जा विभाग के अधिकारी अनुपस्थित मिले, जिस पर कलेक्टर डॉ. निवेदित कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारी को तलब बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

शिविर में मंत्री गौतम टेटवाल और कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए पटवारियों को लंबित प्रकरण समय-सीमा में निपटाने और आम लोगों को अनावश्यक परेशान नहीं करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी।

इस दौरान बताया गया कि नीएन हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में राजगढ़ जिला प्रदेश में आठवें स्थान पर है। शिविर में पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा योजना के 14 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। संबल और पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को भी लाभ वितरित किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने दोना-पत्तल, साबुन और किराना निर्माण से जुड़ी अपनी गतिविधियों की जानकारी दी। मंत्री ने छात्रावासों में समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रायपनिंग चेंबर और अमरूद फलोद्यान का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. निवेदित कुमार सिंह ने जिले में कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सारंगपुर किसानसंघ के ग्राम बोरखी में कृषक इंदर सिंह पंचबीसिया द्वारा स्थापित 02 मीट्रिक टन क्षमता वाले रायपनिंग चेंबर की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी ली। इसके बाद पचोर में कृषक बेटी के अमरूद फलोद्यान का निरीक्षण कर उत्पादन और स्वरोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने दोनों गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और न्यायालय अपनाने से किसान अपनी उपज का बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। इससे कृषि एवं उद्यानिकी को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी और कृषक मौजूद रहे।

खाद लेने जा रहे किसान को डम्पर ने कुचला, मौके पर मौत

चार बेटियां, एक बेटा और बुजुर्ग पिता हुए बेसहारा परिवार में इकलौते कमाने वाले थे गोपाल सिंहबेटियां और बेटा

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।



खेती के लिए खाद लेने घर से निकले 42 वर्षीय किसान गोपाल सिंह सोनगरा की सुसनेर की पिट्टी से भरे डम्पर की टक्कर से मौत हो गई। हादसा रविवार शाम सवा 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गोपाल सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ये सूचना मिलने पर 112 वाहन की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। श्रीमतीशान पुलिस डम्पर और ड्राइवर की तलाश में जुटी है। सोनगरा के पुत्र थे। सूचना रूर रही है।

गोपाल सिंह परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में चार बेटियां, एक नाबालिग बेटा और बुजुर्ग पिता हैं। सबसे बड़ी बेटी 18 वर्ष की है, जबकि बाकी तीन बेटियां नाबालिग हैं। गोपाल की मौत से परिवार के सामने बच्चों की पढ़ाई, घरखर्च और शादी-शादी का संकट खड़ा हो गया है।

दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत, युवक और, बालिका गंभीर

डीआर संवाददाता ✉ पड़ोना।

पुलिस चौकी पड़ोना क्षेत्र के ग्राम नारायणगढ़ खेड़ा के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 40 वर्षीय बहादुर सिंह नायक की मौत हो गई, जबकि 19 वर्षीय युवक और 12 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम नारायणगढ़ खेड़ा निवासी बहादुर सिंह नायक (40) पिता कालसिंह अपनी बाइक से इलाज कराने आरकोटा पंवार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक सवार कुंवेरा मालवीय (19) पिता रामेश्वर मालवीय की बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। कुंवेरा के साथ बाइक पर 12 वर्षीय बालिका भी सवार थी। हादसे के बाद बाशिंदों की मदद से तीनों घायलों को सिविल अस्पताल राजगढ़ पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बहादुर सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सुरेश और बालिका को आवश्यक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बीजापुर रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिजली के तार की चपेट में आया युवक, मौत

डीआर संवाददाता ✉ करनवास

करनवास थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव में 40 वर्षीय अमृत वर्मा की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। गुरुवार रात यह हादसे घर का काम करने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर पुलिया से नीचे गिर गया। पुलिया से नीचे से गुजर रहे बिजली के तार से वह होने के कारण यह करंट की चपेट में आ गया। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को नीचे उसका शव देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई।

मृतक की पहचान वरुण निवासी अमृत पुत्र भागवंद वर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह गांव के एक ढाबे पर काम करता था। रोज की सुबह काम पर जाता और रात को घर लौटता था। गुरुवार को भी वह काम पर गया था, लेकिन रात में घर नहीं पहुंचा। करनवास थाना प्रभारी रविंद्रा वर्मा ने बताया कि मृतक बताया गांव का आदमी था। आशंका है कि करंट के तार से पुलिया से नीचे गिरने के दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने शव को कब्जा लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ट्रक की केबिन में लगी आग, पुलिसकर्मियों ने गेट का ताला तोड़कर बुझाई आग

डीआर संवाददाता ✉ जरोदकलां



खेतलाव रोड पर शुक्रवार शाम करीब 5:45 बजे ऑफिस मिलती के गैराज में खड़े ट्रक की केबिन में अचानक आग लग गई। ट्रक से धुआं और लपटें उठती देख देहात थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। गैराज चारों तरफ से बंद होने के कारण अंदर जाना मुश्किल था। इसके बाद एएसआई दीवान सिंह और सोनू चालक ने जोखे के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

पुलिसकर्मियों ने आसपास के लोगों की मदद से घरेलू मोटरों के जरिए पानी की लाइन पहुंचाई और आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई और नम्बरकर्मियों ने बची हुई आग पूरी तरह बुझाई। समय रहते आग पर नियंत्रण होने से ट्रक केबिन के सीट, डैशबोर्ड और कुछ हिस्सा जलने से बच गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जम्म हो गई। गैराज देहात थाने से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित है।

यात्रा

लोकतंत्र बचाने और वोटचोरी-नोटचोरी के खिलाफ लड़ाई हमारा उद्देश्य, दिग्विजय सिंह

उज्जैन से अयोध्या जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर पहुंची, भाजपा पर लगाए आरोपय जयवर्धन सिंह ने भी सरकार को घेरा

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अगुवाई में उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर पहुंची। इस दौरान संबल गांव में आयोजित कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमारी लड़ाई लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी और नोट चोरी के खिलाफ है। राहुल गांधी दिल्ली में इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं और हमें उनका समर्थन करना है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 में वे सोया क्षेत्र के संपर्क में आए थे, जब यह राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि 80 वर्ष की उम्र में यात्रा निकालने के उद्देश्य को लेकर लोग सवाल करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आने से पहले राजमाता विजयाराजे सिंधिया उन्हें जनसंघ में शामिल कराना चाहती थीं, जबकि गोविंद नारायण सिंह कांग्रेस से जोड़ना चाहते थे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि विधानसभाओं का अध्ययन करने के बाद उन्हें जानसंघ की विचारधारा पसंद नहीं आई। कॉलेज और छात्रावास के दिनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के पैरोकारों को साथ रहना और सीखने थे। सभी धर्मों का सम्मान करना ही सनातन और धर्म का वास्तविक संदेश है।



भाजपा पर नफरत फैलाने का आरोप

दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर समाज बांटने और झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान ने गरीब और अमीर सभी को समान अधिकार दिया है। भाजपा और जियो रोहू देकर व्यापारियों को समाप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर ही गरीबों को न्याय दिला सकती है। उन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के उत्पीड़न को लेकर भी निम्नस्तरीय बयान। प्रदेश में तेजाबकांड और दलितों को लाल पहुंचाने, निरक्षरों की जानकारी और प्रभावकर के घुरे भी उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता लोधू पटवारी और अन्य नेता सरकार की कार्यप्रणाली का समर्थन कर रहे हैं।

प्रदेश सरकार पर जयवर्धन सिंह ने साधा निशाना

पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश के हालात बद से बदतर हो रहे हैं और किसान परेशान हैं। उन्होंने विधायक ने दुष्टि कल किया कि पानी की मांग और सरकार में जारीदारी संकट के दूर होने का उल्लेख करते हुए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था और गुणा में राजमाता बाद से कमी लाने के लिए कलेक्टरों को सभी वर्ग होने का वादाखूब वादा लिया की योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि अशोकनगर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा होने के बाद मंत्री टेटवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ सहित जिले के कलेक्टर मेहता और

कचनारिया फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर का निरीक्षण, काम में तेजी लाने के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ



दिसंबर 2025 में राजगढ़ शहर में उसका चाकरी सहित चार घरों में हुई लूट और डकैती की वारदातों में फरार आरोपी अफीक पठानी (36) को राजगढ़ पुलिस गुना जेल से लेकर आई है। शनिवार को न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड मांगा। न्यायालय ने आरोपी को 16 नवंबर तक तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार, अफीक निवासी कनवरी को 10 नवंबर की रात गुना जिले के पचलेडा थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ा गया था। वह ट्रक पर दो कैनो में 62 लीटर कच्ची शराब ले जा रहा था। पुलिस ने शराब और ट्रक सहित 1 लाख 8 हजार 200 रुपए का मशरूका जब्त किया था।

राजगढ़ कोतवाली में आरोपी के खिलाफ चार अलग-अलग अपराध दर्ज हैं। इन मामलों में उसकी गिरफ्तारी पर 30-30 हजार रुपए, कुल 1, 20 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उसके खिलाफ खिलिन जिलों और राजस्थान में लूट, डकैती, चोरी सहित 12 मामले दर्ज हैं।

दिसंबर की वारदातों में अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। थाना प्रभारी मंजू मखोनिया के अनुसार, अभिषेक से पूछताछ जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि इससे डकैती की घटनाओं से जुड़े अन्य पहलुओं और फरार आरोपियों के बारे में जानकारी मिलेगी।